**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के सभी विद्यालयों में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं की अनिवार्य रूप से भागीदारी होगी। आठ लाख से अधिक पंजीकरण।
- राजकीय दून चिकित्सालय ने बाल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बच्चों के लिए व्यावसायिक और पुनर्वास केंद्र की शुरुआत की।
- पर्यावरण संरक्षण को लेकर चम्पावत जिले की लोहाघाट नगर पालिका ने वेस्ट टू बैस्ट थीम पर कबाड़ से रचनात्मक सामग्रियां बनाईं।
- देहरादून नगर निगम क्षेत्र के भवन कर में बीस प्रतिशत अतिरिक्त छूट को पंद्रह फरवरी तक बढ़ाया गया।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रदेश के सभी विद्यालयों में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के सभी छात्र–छात्राओं की अनिवार्य रूप से भागीदारी होगी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कल सुबह 10 बजे आयोजित होगा, जिसमें छात्र–छात्राएं, अभिभावक और शिक्षक डिजिटल माध्यम से सीधे संवाद करेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेशभर के विद्यालयों में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने–अपने विद्यालयों में कार्यक्रम का प्रसारण सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम का प्रसारण टीवी, एजुसेट और इंटरनेट एक्सेस डिवाइस के माध्यम से सभी विद्यालयों में किया जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष प्रदेशभर के आठ लाख से अधिक छात्र–छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है।

**व्यावसायिक और पुनर्वास केंद्र**

राजकीय दून चिकित्सालय ने बाल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बच्चों के लिए व्यावसायिक और पुनर्वास केंद्र की शुरुआत की है। यह केंद्र विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के उपचार, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए समर्पित रहेगा। व्यावसायिक और पुनर्वास केंद्र में थेरेपिस्ट डॉ. श्रद्धा द्वारा बच्चों को उनकी आवश्यकता और क्षमताओं के अनुसार थेरेपी प्रदान की जाएगी। वहीं, बाल चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार के मार्गदर्शन और निगरानी में सभी सेवाओं का संचालन किया जाएगा। आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से यह केंद्र बच्चों के शारीरिक, मानसिक और व्यावहारिक विकास को सशक्त बनाएगा। प्रत्येक बच्चे के लिए व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार की जाएगी, जिससे उनकी सीखने की क्षमता, संवेदी संतुलन और दैनिक गतिविधियों में आत्मनिर्भरता विकसित हो सके। साथ ही अभिभावकों को भी विशेषज्ञ परामर्श दिया जाएगा, ताकि वे घर पर बच्चों के समग्र विकास में सहयोग कर सकें। राजकीय दून चिकित्सालय की यह पहल न केवल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएगी, बल्कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए भरोसे का केंद्र भी बनेगी। यह प्रयास समाज में समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

उत्तराखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस अब पीरूमदारा स्टेशन पर भी रुकेगी। गत दिनों रामनगर में स्थानीय निवासियों ने अवगत कराया था कि इस ट्रेन के पीरूमदारा स्टेशन पर ठहराव न होने के कारण क्षेत्र के यात्रियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और व्यापारियों को रामनगर आने–जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने बताया कि जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर इस ट्रेन के पीरूमदारा स्टेशन पर ठहराव की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए अब पीरूमदारा स्टेशन पर ठहराव का आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय निश्चित रूप से रामनगर और आसपास के क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए बड़ी राहत सिद्ध होगा।

## पर्यावरण संरक्षण

चम्पावत जिले की लोहाघाट नगर पालिका ने पर्यावरण संरक्षण व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक प्रेरणादायक और नवाचारी पहल की है। नगर पालिका ने वेस्ट टू बेस्ट थीम पर अनुपयोगी अजैविक लौह, प्लास्टिक और टायरों का रचनात्मक रूप से दोबारा इस्तेमाल करते हुए स्टूल, बच्चों के खिलौने और रंग–बिरंगी कार्टून आकृतियां बनाई हैं। जो सार्वजनिक स्थलों को अधिक जीवंत, सुरक्षित और बाल–मित्र भी बना रही हैं। लोहाघाट नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी ने बताया कि वेस्ट और अजैविक वस्तुओं से कई सामग्री बनाई गई हैं, जो नगर पालिका परिसर के साथ ही रैन बसेरों और चिल्ड्रन पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर लगाई गई है। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहा है कि दूसरे चरण में लोगों के सहयोग से ये प्रयास किया जाएगा कि वेस्ट से बने ये सजावटी सामान हर चौराहे पर सजाए जाएं, ताकि ये पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करें। साथ ही दूसरी पालिकाएं भी वेस्ट से बेस्ट बनाने की ओर अग्रसर हो सकें।

## भवन कर

देहरादून नगर निगम क्षेत्र के भवन कर में बीस प्रतिशत अतिरिक्त छूट को पंद्रह फरवरी तक बढ़ा दिया है। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि सभी भवन करदाताओं को व्हाट्सएप के माध्यम से निरन्तर अवगत कराया जा रहा है कि वे अपने भवन कर का भुगतान करें। अगर कोई भवन कर भरने नगर निगम नहीं आ सकता, उसके लिए ऑनलाइन सुविधा भी की गई है। साथ ही भवन कर में बीस प्रतिशत अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है।

## जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत उत्तरकाशी जिले के नौगांव विकासखंड की न्याय पंचायत तुनालका में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शिविर में दर्ज आठ शिकायतों में से पांच का निस्तारण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। प्रमुख शिकायतें राष्ट्रीय राजमार्ग के कटान से संबंधित रहीं, जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रतिकर की समस्या को भी रखा गया। शिविर में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही प्रमाण पत्र भी बनाए गए। इसके अलावा ग्रामीणों का स्वास्थ्य स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई भी वितरित की गई। क्षेत्रवासियों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें छोटे–छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय या तहसील नहीं जाना पड़ रहा है।